# आकाशवाणी शिमला

**14.09.2026/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा–युवाओं के नेतृत्व से होगा स्वस्थ और संवेदनशील समाज का निर्माण।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने युवाओं में स्वास्थ्य व संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए जताई सरकार की प्रतिबद्धता।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर हिमकेयर योजना को बदनाम करने का लगाया आरोप।
- 69वें राष्ट्र मंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केप टाउन पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।
- हिन्दी दिवस पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित–रिकांगपिओ में हुआ राज्य स्तरीय समारोह।

## राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, समाज में व्यापत भेदभाव को समाप्त करने और मानव सेवा की भावना को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाएं। राज्यपाल राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला में आयोजित स्वास्थ्य मंथन–2026 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि युवा न केवल देश का भविष्य हैं बल्कि आज की सबसे बड़ी ताकत भी युवाओं में निहित है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं में जागरूकता, संवेदनशीलता और सक्रिय भागीदारी जैसे गुणों का होना आवश्यक है। राज्यपाल ने युवाओं से कहा कि वे प्रमाणिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का प्रसार करें, मिथकों और भ्रांतियों को चुनौती दें व लोगों को आवश्यकता पड़ने पर उचित स्वास्थ्य सेवाएं और परामर्श लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने और कर्मचारियों के साथ–साथ युवाओं में स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेलों में नियमित भागीदारी से शारीरिक फिटनेस बढ़ाने, तनाव कम करने और दक्षता में सुधार करने में मदद मिलती है।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं, प्रतिभागियों और आयोजकों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेलों से टीम एकता, नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और प्रतिस्पर्द्धा की स्वस्थ भावनाओं जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन कर्मचारियों के बीच भाईचारे और टीम भावना को मजबूत करते हुए प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी देते हैं।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि प्रदेश सरकार हिमकेयर को बदनाम करने के लिए इसकी जांच का नाटक कर रही है। जबकि दूसरी ओर प्रदेश में चल रहे नकली दवाईयों के रैकेट की जांच के लिए उसके पास लोग उपलब्ध नहीं हैं। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश सरकार अदालत के आदेशों के बावजूद नकली दवाईयों के रैकेट की जांच नहीं करवा रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश सरकार हिमकेयर योजना की जांच सिर्फ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बोले गए झूठ को सही ठहराने के लिए कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश सरकार पर संरक्षित भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और कहा कि राज्य की जनता अब सरकार को पहचान चुकी है। उन्होंने ये भी कहा कि पहले भी संरक्षित भ्रष्टाचार के मामले मुख्यमंत्री कार्यालय में सामने आ चुके हैं।

गणेश चतुर्थी

गणेश चतुर्थी का त्यौहार आज प्रदेश भर में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के मौके पर राजधानी शिमला में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शहर के मिडल बाजार स्थित एमसी कॉम्प्लेक्स में भगवान श्री गणेश की एक सौ 8 मूर्तियों की स्थापना की गई है। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने भी इस उत्सव में भाग लिया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सनातन संस्कृति और परम्पराओं को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। श्री सिद्धिविनायक सेवा मंडल ट्रस्ट के प्रधान आशुतोष ने कहा कि गणेश महोत्सव 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी तक चलेगा।

ज्ञापन

संधोल—सुजानपुर सड़क की बदहाली के खिलाफ सुजानपुर और बमसन भाजपा मंडल ने आज एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा। इस मौके पर भाजपा मंडल ने सुजानपुर में एक रोष रैली भी निकाली। भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता व पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने इस मौके पर प्रदेश सरकार को गूंगी, बहरी और बेइमान करार दिया। उन्होंने कहा कि अपनी शानो—शौकत पर बेहिसाब पैसा खर्च करने वाली प्रदेश सरकार को सड़कों के जानलेवा गड़ढे नहीं दिखाई दे रहे हैं। राजेंद्र राणा ने कहा कि यदि सरकार ने इस सड़क की हालत सुधारने के लिए तुरंत कदम नहीं उठाए तो भाजपा सुजानपुर में सड़कों पर उतर का जन आंदोलन करेगी जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि केंद्र से विकास कार्यों के लिए आ रहे पैसे का प्रदेश सरकार दुरूपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से राज्य का हर वर्ग परेशान है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज दक्षिण अफ्रीका की विधायी राजधानी केप टाउप पहुंच गए। पठानिया आज से 17 सितंबर तक आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। वह इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि के रूप में ''सुलभ संसद'' भारत की संसद में दिव्यांगजनों की भागीदारी विषय पर अपना संबोधन देंगे।

हिंदी दिवस

आज प्रदेश भर में ह्दिी दिवस धूमधाम से मनाया गया। राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए किन्नौर के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने इस मौके पर हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों,

कर्मचारियों, भाषण, नारा लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर एक पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें हिमाचल के इतिहास, कला, संस्कृति और विरासत से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई। भाषा व संस्कृति विभाग ने हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में आज शिमला के गेयटी थियेटर में जिला स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया।

आतंक

शिमला शहर में कुत्तों और बंदरों के लगातार बढ़ते आतंक के खिलाफ आज शिमला नागरिक सभा ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर विरोध प्रर्दशन किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और इस समस्या का स्थाई समाधान न होने पर बड़ा जन आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी। नगर सभा के सचिव विवेक कश्यप ने कहा कि शहर के समिट्री रोड़ में बंदर के हमले में मारी गई महिला के परिजनों को कम से कम 5 लाख मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कुत्तों और बंदरों के काटने पर भी पीड़ित व्यक्ति को एक लाख रूपए के मुआवजे की मांग की। नागरिक सभा ने शहर के आवारा कुत्तों को डॉग सैल्टर में रखने और फुट ब्रिज व रास्तों को बंदरों और आवारा कुत्तों से मुक्त करने की मांग की।

जुर्माना

परिवहन विभाग के नॉर्थ जोन में यातायात नियमों की अनदेखी पर परिवहन विभाग सख्त हो गया है। विभाग के नॉर्थ जोन के उड़न दस्ते ने कांगड़ा, चंबा, ऊना और हमीरपुर जिलों में अप्रैल से अगस्त महीने के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी के लिए 3 हजार 97 चालान किए और एक करोड़ 13 लाख रूपए से अधिक का जुर्माना लगाया। उड़न दस्ते के आरटीओ असीम सूद ने कहा कि इसमें से 82 लाख 87 हजार रूपए से अधिक की राशि वसूली जा चुकी है। उन्होंने कहा कि परिवहन नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगामी दिनों में भी औचक निरीक्षण जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

संग्रहालय

चंबा जिला के ऐतिहासिक भूरी सिंह संग्रहालय ने आज अपना 118वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर संग्रहालय परिषद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने पुरातन इतिहास और चंबा की लोक कला व संस्कृति के संरक्षण को लेकर अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं ने भी संग्रहालय का भ्रमण किया। संग्रहालय के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि 14 सितंबर 1908 को आज ही के दिन भूरी सिंह संग्रहालय की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि ये संग्रहालय पूरे प्रदेश की लोक कला व संस्कृति का एक जीवंत उदाहरण है। सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आने वाले पर्यटकों के अलावा सालाना औसतन एक हजार 5 सौ से अधिक विदेशी पर्यटक भी इस संग्रहालय को देखने पहुंचते हैं।